प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. सऊदी अरब में मक्का–मदीना मार्ग पर बस और डीज़ल टैंकर की टक्कर में कई भारतीय जायरीनों के मारे जाने की आशंका, विदेश मंत्री ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दूतावासों को हर संभव मदद के दिए निर्देश।
2. दुमका में सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह हुआ आयोजित, राज्यपाल की अध्यक्षता में छात्रों को उपाधि और मेडल किए गए प्रदान ।
3. लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने श्रद्धांजलि की अर्पित, रांची में पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने किया उन्हें नमन।
4. रांची धुर्वा डैम में कार गिरने की घटना में लापता चौथे पुलिसकर्मी का शव आज एनडीआरएफ और गोताखोरों ने किया बरामद।
5. झारखंड राज्य चाकबॉल संघ ने द्वितीय ईस्ट ज़ोन राष्ट्रीय महिला और पुरुष प्रतियोगिता के लिए टीमों की घोषणा की, अमीका कुमारी महिला टीम की कप्तान और अजीत कुमार पुरुष टीम के कप्तान बने।

****

सऊदी अरब में मक्का से मदीना जा रही एक यात्री बस के एक डीजल टैंकर से टकरा जाने से कई भारतीय जायरीनों के मारे जाने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार यह दुर्घटना भारतीय समयानुसार रात लगभग डेढ बजे मुफ़रीहाट नामक स्थान पर हुई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह समूह मक्का से अपनी रस्में पूरी करके लौट रहा था और दुर्घटना के समय मदीना जा रहा था। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सऊदी अरब के मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि रियाद स्थित दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास दुर्घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और परिवारों को पूरी सहायता प्रदान कर रहे हैं।

****

दुमका में सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह आज दुमका कन्वेंशन हॉल में आयोजित हुआ जिसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने अध्यक्षता की। दीक्षांत समारोह में भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित छात्र–छात्राओं को कुल 116 उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 78 को गोल्ड मेडल और 37 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली तृप्ति शोभा मरांडी को सर्वश्रेष्ठ स्नातक के रूप में सम्मानित किया गया। मौके पर राज्यपाल ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा, शोध और समाज व राज्य के विकास में योगदान की प्रेरणा दी।

****

आज पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर महान स्वतंत्रता सेनानी 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रेरणास्रोत बताया। राज्यपाल ने कहा कि लाला लाजपत राय के विचार और योगदान सदैव देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

****

आज पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से रांची के लाला लाजपत राय चौक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उन्हें याद किया गया। मौके पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्य अरुण चावला ने कहा कि युवाओं को यह जानना चाहिए कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

****

जमशेदपुर के एक्सएलआरआई में चल रहे एनसेंबल वलहल्ला–2025 के दूसरे दिन कल क्विज सहित कई रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें स्कूली और कॉलेज छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा दिखाई। इंटर स्कूल क्विज 'बैक टू द रूट्स' में एलिमिनेशन राउंड के बाद 25 टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया, जबकि कॉलेज स्तर की क्विज में प्रतिभागियों ने खेल, राजनीति, फिल्म और वाइल्ड लाइफ जैसे विषयों पर प्रतिस्पर्धा की। कार्यक्रम के तहत विजेता टीमों ने पैनल के सामने अपनी मार्केटिंग रणनीतियाँ प्रस्तुत कीं।

****

रांची के धुर्वा डैम हादसे में लापता पुलिसकर्मी का शव आज सुबह बरामद कर लिया गया। इससे पहले तीन अन्य पुलिसकर्मियों के शव कार के अंदर से निकाले जा चुके थे। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि कल भी तलाशी की गई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी, जबकि आज एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम के प्रयास से शव मिल गया। गौरतलब है कि यह हादसा 14 नवंबर की रात हुआ था, जब जमशेदपुर के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की सुरक्षा टीम के चार पुलिसकर्मियों की कार अनियंत्रित होकर डैम में गिर गई थी।

****

जामताड़ा जिले के लाधना डैम क्षेत्र को जिला प्रशासन की पहल पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 108 अंक बढ़कर 84 हजार 671 पर और निफ्टी 22 अंक बढ़कर 25 हजार 932 पर था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 15 हजार 800 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 65 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

झारखंड राज्य चाकबॉल संघ ने द्वितीय पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय (ईस्ट जोन) महिला एवं पुरुष चाकबॉल प्रतियोगिता के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। यह प्रतियोगिता 18 और 19 नवंबर को ओडिशा के कटक स्थित जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। महिला टीम की कप्तान अमीका कुमारी और पुरुष टीम के कप्तान अजीत कुमार होंगे।

****